# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा

- एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया
- फरार चालक को लोगों ने पीछा कर पकड़ा



**छतरपुर , 30 जुलाई. शहर के महोबा रोड स्थित गुरुद्वारे के पास गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर बस स्टैंड चौराहे के पास उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया.**

घायल की पहचान गढ़ी मलहरा थाना क्षेत्र के बरद्वाहा गांव निवासी 32 वर्षीय लोकपाल सिंह घोषी के रूप में हुई है, जो बाइक से शहर आ रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ तो जुट गई, लेकिन घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए कोई आगे नहीं आया। ऐसे में सरबजीत सिंह और उनके साथियों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायल लोकपाल सिंह को अपनी बाइक से जिला अस्पताल पहुंचाया। सरबजीत सिंह ने बताया कि घायल की हालत गंभीर थी, इसलिए समय बर्बाद करने के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचाना जरूरी समझा। फिलहाल जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है. इधर, ट्रैक्टर चालक के फरार होने पर स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे बस स्टैंड चौराहे पर पकड़ लिया। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेकर बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

> प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक की पहचान पाठापुर रोड निवासी काशीराम यादव के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इस हादसे के बाद शहर में बिना नंबर प्लेट चल रहे ट्रैक्टरों को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों की अनदेखी कर ऐसे वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं .वहीं कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनीस खान ने ट्रैफिक पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कथित रूप से 'मंथली सुविधा शुल्क' के कारण ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं होती। हालांकि, इन आरोपों पर पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

- उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया
- पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू गांव में शोक की लहर




**छतरपुर 30 जुलाई. बिहाटा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में किसान की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय रामस्वरूप कुशवाहा सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में चारा काट रहे थे। इसी दौरान अचानक वे बिजली के करंट की चपेट में आ गए।**

हादसा होते ही परिजन उन्हें तत्काल ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. जी.के. साहू ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही ईशानगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल छतरपुर भेज दिया. किसान की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है. मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बेटों को छोड़ गए हैं। परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

ग्रामीणों ने इस हादसे के बाद खेतों में उपयोग होने वाले बिजली उपकरणों और विद्युत लाइनों की नियमित जांच कराने की मांग उठाई है. उनका कहना है कि समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होने से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। साथ ही किसानों से भी खेतों में बिजली से जुड़े कार्य करते समय पूरी सतर्कता बरतने की अपील की गई है.

## एक नजर में

### पर्यटन व रोजगार को मिलेगा बढ़ावा : शर्मा



**छतरपुर .** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो की हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के . राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खजुराहो को देश के प्रमुख महानगरों और अन्य महत्वपूर्ण शहरों से बेहतर हवाई संपर्क उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिल सके . मुलाकात के दौरान सांसद ने कहा कि खजुराहो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाला पर्यटन स्थल है, जहां हर साल बड़ी संख्या में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने दिल्ली, मुंबई, भोपाल और वाराणसी से सीधी उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ 'उड़े देश का आम नागरिक योजना के तहत अन्य क्षेत्रीय शहरों से भी खजुराहो को जोड़ने का प्रस्ताव रखा .वीडी शर्मा ने कहा कि बेहतर एयर कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटकों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि बुंदेलखंड क्षेत्र में व्यापार, निवेश, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के . राममोहन नायडू ने प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया .

### 7 से शुरू होगा 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान'



**छतरपुर , 30 जुलाई .** प्रदेश में शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त से किया जाएगा। अभियान 8 जनवरी 2027 तक चलेगा. इसकी तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों के साथ समीक्षा बैठक की। छतरपुर से कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया सहित संबंधित अधिकारी एनआईसी कक्ष से बैठक में शामिल हुए। अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारी गांवों और क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे . इस दिन सामान्य परिस्थितियों में कोई विभागीय बैठक नहीं होगी, ताकि अधिकारी सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन सकें। भ्रमण से पहले संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शत-प्रतिशत निराकरण की तैयारी की जाएगी। साथ ही मौके पर प्राप्त आवेदनों का भी तत्काल समाधान करने का प्रयास रहेगा। अभियान के तहत जनसंवाद और उद्योग संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। किसान, उद्यमी और आम नागरिकों से सीधे फीडबैक लिया जाएगा। फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाओं, स्कूल-कॉलेज, खाद-बीज की उपलब्धता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके अलावा सड़क, तालाब, अमृत सरोवर, बांध और अन्य विकास कार्यों का भी निरीक्षण होगा।मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के चार प्रमुख आधार संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी तय किए गए हैं।

# सावन के पहले दिन जटाशंकर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**छतरपुर , 30 जुलाई. बिजावर स्थित बुंदेलखंड के केदारनाथ के नाम से प्रसिद्ध जटाशंकर धाम में सावन मास के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।**

गुरुवार तड़के सुबह 4 बजे से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। सावन माह के दौरान जटाशंकर धाम में मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

# ईशानगर सांदिपनी स्कूल में हुआ फिर विवाद

- थाने में लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग
- पहले भी कई विवादों को लेकर चर्चा में रहा है विद्यालय



**छतरपुर , 30 जुलाई. ईशानगर स्थित शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एक बार फिर विवादों में आ गया है। विद्यालय में पदस्थ व्यावसायिक प्रशिक्षक (हेल्थ केयर) रजिया बानो ने अपने सहकर्मी एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य खिलाड़ी लाल राय के खिलाफ ईशानगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।**

शिकायत में उन्होंने 28 जुलाई 2026 को विद्यालय परिसर में अभद्र व्यवहार, अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला प्रशिक्षक का कहना है कि इस घटना से उन्हें मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा और उन्होंने निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की प्रति विद्यालय के प्राचार्य को भी सौंपी गई है। यह विद्यालय पहले भी विभिन्न विवादों को लेकर सुर्खियों में रहा है। शिक्षकों की कथित अनियमितताओं, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने और इन मामलों की खबरें प्रकाशित होने के बाद पत्रकार के खिलाफ शिकायत किए जाने का मामला सामने आया था। इसके अलावा नवागत प्राचार्य बसंत लाल प्रजापति के कार्यभार संभालने के बाद विद्यालय के स्टाफ ने संयुक्त रूप से संयुक्त संचालक (जेडी) सागर और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) छतरपुर को उनके खिलाफ शिकायत भी भेजी थी। लगातार सामने आ रहे विवादों से विद्यालय के शैक्षणिक माहौल और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, महिला प्रशिक्षक द्वारा लगाए गए आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

ईशानगर थाना पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और शिक्षा विभाग की जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल विद्यालय में लगातार सामने आ रहे विवाद शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन को लेकर नई चर्चाओं को जन्म दे रहे हैं.

## नगर परिषद को 2 .25 लाख का प्रोत्साहन

**छतरपुर.** वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कर संग्रहण और उल्लेखनीय राजस्व वसूली के लिए नगर परिषद राजनगर को मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने 2.25 लाख रुपये की कर प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। छतरपुर जिले में यह उपलब्धि हासिल करने वाली राजनगर एकमात्र नगर परिषद है। शासन से मिली इस राशि का उपयोग परिषद की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व्यवस्था को सुदृढ़ करने में किया जाएगा।

# 40 किमी सड़क निर्माण पर सवाल

## नई सड़क उखड़ने और नालियों में घटिया सामग्री लगाने के आरोप

**छतरपुर , 30 जुलाई. बछौंन से चंदपुरा तक बन रही करीब 40 किलोमीटर लंबी सड़क एक बार फिर विवादों में आ गई है। निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं।**

उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही सड़क में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी और निगरानी से जुड़े अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है. ग्रामीणों के अनुसार सड़क का डामरीकरण मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। उनका दावा है कि हल्की बारिश के बाद ही कई स्थानों पर डामर की परत उखड़ने लगी है और नीचे की गिट्टी बाहर दिखाई देने लगी है। उनका आरोप है कि नाली निर्माण में लोहे की सरिया के स्थान पर प्लास्टिक सरिया का उपयोग किया जा रहा हैजिससे भविष्य में निर्माण की मजबूती और लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है.

# विश्वकर्मा कॉलोनी में लगाई गई सुरक्षा रेलिंग

- लंबे समय से उठ रही थी मांग, रेलिंग बनने से राहगीरों और स्कूली बच्चों को मिलेगी राहत



**छतरपुर, 30 जुलाई. शंकरगढ़-खरोंई मार्ग स्थित विश्वकर्मा कॉलोनी के बड़े पुल पर आखिरकार सुरक्षा रेलिंग लगा दी गई है.लंबे समय से इस पुल पर रेलिंग की कमी के कारण स्थानीय लोगों में दुर्घटना का डर बना रहता था।**

इसके बाद परिषद ने मामले को प्राथमिकता में लेते हुए रेलिंग लगाने का कार्य पूरा कराया. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलिंग बनने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया. भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल ने इस कार्य के लिए विधायक अरविंद पटेरिया और नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू) अवस्थी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों को आगे भी प्राथमिकता से उठाया जाएगा.

# युवक को सर्प ने काटा, इलाजरत

## शौच के लिए निकला था घर से, रास्ते में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**छतरपुर , 30 जुलाई .बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम भियाताल में शौच के लिए जा रहे एक युवक को रास्ते में सर्प ने काट लिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम भियाताल निवासी वीरेंद्र यादव शौच के लिए जा रहे थे, तभी अचानक सर्प ने उन्हें डस लिया।**



घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। समय रहते अस्पताल पहुंचने से युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तत्काल अस्पताल पहुंचने की सलाह दी है।

# मोटरसाइकिल चोरी की कड़ी का हुआ खुलासा

**04** अंतरराज्यीय टूव्हीलर चोर

**21** मोटरसाइकल की बरामद

**लवकुश नगर, 30 जुलाई. थाना लवकुश नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैरा निवासी फरियादी हनुमत सिंह की मोटरसाइकिल चोरी की घटना संबंधी रिपोर्ट पर थाना लवकुश नगर में चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था.**



पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री रजत सकलेचा द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर निर्देश दिए गए ।पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किया गया एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। क्षेत्र में आवागमन करने वाले संदिग्ध के संबंध में जानकारी एकत्र की गई।

> मोटरसाइकिल चोरी की कड़ी में सम्मिलित अंतरराज्यीय मोटर साइकिल चोर देवी सिंह यादव पिता विश्वनाथ यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम भैरा थाना लवकुशनगर, अस्सू उर्फ शिवराज यादव पिता पूरन यादव उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम भैरा थाना लवकुश नगर, रवि शंकर नागर पिता राम सूजन नगर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम देवी खेड़ा थाना लवकुश नगर गोविंद यादव पिता गुलाब सिंह यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नाद थाना राजनगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया।

चेतावनी | मांगों को लेकर बस ऑपरेटरों ने सरकार को दी चेतावनीं

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर थम सकते हैं बसों के पहिए

**छतरपुर , 30 जुलाई. मध्य प्रदेश के बस संचालकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. छतरपुर जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने गुरुवार को मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा.**



संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 7 अगस्त तक उनकी 7 सूत्रीय मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो 7 अगस्त की रात 12 बजे से प्रदेशभर में यात्री बसों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा. ज्ञापन में बस संचालकों ने 7 जुलाई 2026 के राजपत्र में प्रकाशित विभिन्न मार्गों के राष्ट्रीयकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि चरणबद्ध तरीके से मार्गों का राष्ट्रीयकरण होने से निजी बस व्यवसाय पर संकट खड़ा हो जाएगा. इसके अलावा 6 जुलाई 2026 को जारी उस टेंडर को भी निरस्त करने की मांग की गई है, जिसके तहत रॉयल्टी और कमीशन वसूले जाने का प्रावधान है। बस ऑपरेटरों का तर्क है कि संचालन का पूरा खर्च निजी संचालक उठाते हैं, ऐसे में अतिरिक्त शुल्क लेना अनुचित है. बस संचालकों ने वर्ष 2021 के बाद डीजल और अन्य खर्चों में हुई बढ़ोतरी के बावजूद किराया नहीं बढ़ाए जाने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि तय समय तक सरकार ने मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया,

> उन्होंने किराया निर्धारण बोर्ड की अनुशंसा के अनुसार प्रति किलोमीटर 2 .50 रुपये की वृद्धि लागू करने, करीब 1200 नई बसों के पंजीयन की अनुमति देने, 15 वर्ष की आयु सीमा समाप्त कर फिटनेस के आधार पर संचालन की छूट देने और अंतर्राज्यीय परमिटों का नियमित नवीनीकरण करने की मांग उठाई. साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए समय पर कार्यालय नहीं आने और बस संचालकों को परेशान करने का आरोप लगाया.

# मछली पालन समिति की एसपी से गुहार

- पूर्व सरपंच-उपसरपंच पर प्रताड़ना और नुकसान पहुंचाने के आरोप
- बगौता की मत्स्य सहकारी समिति का आरोप



**छतरपुर, 30 जुलाई. मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित बगौता के अध्यक्ष अरविंद रैकवार गुरुवार को समिति के दर्जनों सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए शिकायत पत्र सौंपा.**

समिति का आरोप है कि गांव के पूर्व सरपंच सुंदरलाल रैकवार और वर्तमान उपसरपंच अमरनाथ रैकवार व्यक्तिगत रंजिश के चलते समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को लगातार झूठी शिकायतों के जरिए परेशान कर रहे हैं. समिति अध्यक्ष अरविंद रैकवार ने बताया कि शासन से 10 वर्ष के पट्टे पर मिले तालाब में समिति के सदस्य मछली पालन कर अपने परिवारों का भरण-पोषण करते हैं. उनका आरोप है कि उनके, उनके पिता लालचन्द्र रैकवार और समिति सदस्य रामकिशन रैकवार के खिलाफ थाना सिविल लाइन में लगातार मनगढ़ंत शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व में तालाब में कथित तौर पर जहरीली दवा डाल दी गई थी, जिससे बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं और समिति को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा.